भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4667

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

अल्पसंख्यक क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय

4667. श्री विजय कुमारः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देशभर में अल्पसंख्यक क्षेत्रों में 100 केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपीएस) मॉडल के तहत इन केंद्रीय विद्यालयों को खोलने के लिए चिह्नित किये गए स्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) बिहार के विशेषकर गया जिले में उन अल्पसंख्यक क्षेत्रों के नामों का ब्यौरा क्या है जहां सरकार ने केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): इस समय, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) को शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान कर मुख्यतः रक्षा और अर्द्ध-सैनिक बलों के कार्मिकों सहित केन्द्रीय सरकार के स्थानान्तरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोला जाता है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): ऐसे कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, क्योंकि केन्द्रीय विद्यालयों को अल्पसंख्यक बहुल जिलों/क्षेत्रों के मानदंड पर नहीं खोला जाता है।

*****